Series PQ1RS/1

Set – 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/1/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **21** printed pages **+ 1** Map.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

〰

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न **5** अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख, ग तथा घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** *21×1=21*

**1.** हड़प्पा पुरास्थलों में लाजवर्द मणि का सबसे अच्छा स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा था ?

(A) नागेश्वर

(B) मांडा

(C) राखीगढ़ी

(D) शोर्तुघई

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – question number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – question number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – question number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – question number **31** to **33** are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and D of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Which of the following was the best source of lapis lazuli in the Harappan sites ?

(A) Nageshwar

(B) Manda

(C) Rakhigarhi

(D) Shortughai

2. प्रभावती गुप्त के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) वह चन्द्रगुप्त मौर्य की पुत्री थी ।

(ii) उसका विवाह वकाटक् शासक के साथ हुआ था ।

(iii) उसका संसाधनों पर स्वतंत्र अधिकार था ।

(iv) उसने लोगों को भूमि-अनुदान दिया ।

विकल्प :

(A) (i), (ii) और (iii) (B) (ii), (iii) और (iv)

(C) (i), (iii) और (iv) (D) (i), (ii) और (iv)

3. दी गई जानकारी की सहायता से प्राचीन भारत के शासक की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

- उसे देवानांपिय की उपाधि मिली ।
- उसने स्तूपों के लिए बुद्ध के अवशेषों के अंश वितरित किए ।
- वह पहला शासक था जिसने चट्टानों और स्तंभों पर संदेश खुदवाए ।

विकल्प :

(A) समुद्रगुप्त (B) हर्षवर्धन

(C) रुद्रदमन (D) अशोक

4. सुश्रुत की पुस्तक '*सुश्रुत संहिता*' निम्नलिखित में से किस विषय पर आधारित है ?

(A) व्याकरण (B) चिकित्सा (आयुर्वेद)

(C) खगोल (D) गणित

5. स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| *स्तंभ I (साँची की मूर्ति कला)* | | *स्तंभ II (प्रतीक)* | |
|---|---|---|---|
| 1. | रिक्त स्थान | (i) | सौभाग्य का प्रतीक |
| 2. | चक्र | (ii) | शुभ प्रतीक |
| 3. | शालभंजिका | (iii) | बुद्ध का पहला उपदेश |
| 4. | गजलक्ष्मी | (iv) | महापरिनिब्बान |

विकल्प :

(A) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv) (B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i) (D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

2. Consider the following statements about Prabhavati Gupta and choose the correct option :

(i) She was the daughter of Chandragupta Maurya.

(ii) She was married to a Vakataka ruler.

(iii) She had independent access to resources.

(iv) She gave land grants to people.

Options :

(A) (i), (ii) and (iii) (B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i), (iii) and (iv) (D) (i), (ii) and (iv)

3. Identify the ruler of ancient India with the help of the given information and choose the correct option :

- He got the title of Devanampiya.
- He distributed a portion of Buddha's relics for stupas.
- He was the first ruler who inscribed messages on rocks and pillars.

Options :

(A) Samudragupta (B) Harshavardhana

(C) Rudradaman (D) Asoka

4. Sushruta's book '*Sushruta Samhita*' is based on which of the following theme ?

(A) Grammar (B) Medicine (Ayurveda)

(C) Astronomy (D) Mathematics

5. Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I (Sculpture of Sanchi)* | | *Column II (Symbolism)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Empty Seat | (i) | Symbol of good fortune |
| 2. | Wheel | (ii) | Auspicious symbol |
| 3. | Shalabhanjika | (iii) | First sermon of Buddha |
| 4. | Gajalakshmi | (iv) | Mahaparinibbana |

Options :

(A) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv) (B) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i) (D) 1-(iii), 2-(iv), 3-(i), 4-(ii)

**6.** बुद्ध के दिए गए चित्र की सहायता से कला-शैली की पहचान कीजिए ।



(A) गांधार कला शैली

(B) मथुरा कला शैली

(C) सारनाथ कला शैली

(D) अमरावती कला शैली

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं.* ***6*** *के स्थान पर है :*

बुद्ध निम्नलिखित में से किस वंश से संबंधित थे ?

(A) शाक्य (B) कोसल

(C) भोज (D) पाल

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?


(A) अंतर्विवाह – गोत्र से बाहर विवाह

(B) बहिर्विवाह – एक पुरुष की अनेक पत्नियाँ

(C) बहुपत्नी प्रथा – वैवाहिक संबंध समूह के मध्य

(D) बहुपति प्रथा – एक स्त्री के अनेक पति

**6.** Identify the school of art with the help of the given image of Buddha.



(A) Gandhara School of Art

(B) Mathura School of Art

(C) Sarnath School of Art

(D) Amravati School of Art

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***6*** *:*

Which of the following clans did Buddha belong to ?

(A) Sakya (B) Kosala

(C) Bhoja (D) Pala

**7.** Which of the following pairs is correctly matched ?

(A) Endogamy – Marriage outside the unit

(B) Exogamy – Man having several wives

(C) Polygyny – Marriage inside the unit

(D) Polyandry – Woman having several husbands

8. निम्नलिखित में से किस भाषा में अल-बिरूनी ने भारत में संस्कृत, पालि और प्राकृत पुस्तकों का अनुवाद किया ?
   (A) फ़ारसी
   (B) अरबी
   (C) उर्दू
   (D) हिन्दवी

9. निम्नलिखित में से कौन अमीर खुसरो के मार्गदर्शक थे ?
   (A) शेख नसीरुद्दीन चिराग-ए-दिल्ली
   (B) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती
   (C) शेख सलीम चिश्ती
   (D) शेख निज़ामुद्दीन औलिया

10. स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I (मंदिर)* | | *स्तंभ II (स्थान)* |
|---|---|---|---|
| 1. | हज़ार राम मंदिर | (i) | तमिलनाडु में |
| 2. | चिदम्बरम मंदिर | (ii) | विजयनगर में |
| 3. | बृहदेश्वर मंदिर | (iii) | बेलूर में |
| 4. | चन्नकेशव मंदिर | (iv) | तंजावुर में |

विकल्प :

   (A) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)
   (B) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)
   (C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)
   (D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv)

11. *आइन-ए-अकबरी* के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
   (A) *अकबरनामा, आइन-ए-अकबरी* की तीसरी जिल्द (Third Book) है ।
   (B) मंज़िल-आबादी मुगलों के नागरिक प्रशासन से संबंधित है ।
   (C) सिपाह-आबादी मुगलों के शाही घर परिवार से संबंधित है ।
   (D) मुल्क-आबादी मुगल साम्राज्य के वित्तीय पहलू से संबंधित है ।

**8.** In which of the following languages has Al-Biruni translated Sanskrit, Pali and Prakrit texts in India ?

(A) Persian

(B) Arabic

(C) Urdu

(D) Hindavi

**9.** Who among the following was the mentor of Amir Khusrau ?

(A) Shaikh Nasiruddin Chiragh-i-Delhi

(B) Shaikh Muinuddin Chishti

(C) Shaikh Salim Chishti

(D) Shaikh Nizamuddin Auliya

**10.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I (Temple)* | | *Column II (Location)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Hazara Rama Temple | (i) | Tamil Nadu |
| 2. | Chidambaram Temple | (ii) | Vijayanagara |
| 3. | Brihadishvara Temple | (iii) | Belur |
| 4. | Chennakeshava Temple | (iv) | Thanjavur |

Options :

(A) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)

(B) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(iv), 4-(i)

(D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii), 4-(iv)

**11.** Which of the following statements is correct regarding *Ain-i-Akbari* ?

(A) *Akbar Nama* was the third book of *Ain-i-Akbari*.

(B) Manzil-abadi deals with the civil administration of the Mughals.

(C) Sipah-abadi deals with the imperial household of the Mughals.

(D) Mulk-abadi deals with the fiscal side of the Mughal empire.

12. निम्नलिखित में से किसके 'अपविकसित पूर्व' के वर्णन ने पश्चिम के दार्शनिकों को 'प्राच्य निरंकुशवाद' के सिद्धान्त को विकसित करने की प्रेरणा दी ?

(A) पीटर मुंडी
(B) फ्रांस्वा बर्नियर
(C) दुआर्ते बारबोसा
(D) मार्को पोलो

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक विजयनगर साम्राज्य के पतन का मुख्य कारण बना ?

(A) आंतरिक संघर्ष और विजयनगर के खिलाफ़ सल्तनत के साथ गठबंधन
(B) तालीकोटा में बीजापुर, अहमदनगर और गोलकुंडा की हार
(C) विजयनगर साम्राज्य के व्यापार और अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट
(D) पुर्तगालियों और फ्रांसीसियों का विजयनगर पर आक्रमण

14. मुगलकाल के दौरान ग्रामीण लोगों के कार्यों के संबंध में सही युग्म का चयन कीजिए :

| | *सूची I (नाम)* | | *सूची II (कार्य)* |
|---|---|---|---|
| (A) | मल्लाहज़ादा | – | गाँव का मुखिया |
| (B) | मुक़द्दम | – | बैंकर |
| (C) | सराफ़ | – | नाविक |
| (D) | मुज़रियान | – | किसान |

15. निम्नलिखित को कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) परिसीमन कानून
(ii) सूर्यास्त कानून
(iii) संथाल विद्रोह
(iv) बम्बई-दक्कन दंगे

विकल्प :

(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (i), (ii), (iv), (iii)
(C) (iii), (iv), (ii), (i)
(D) (iv), (iii), (i), (ii)

12. Among the following, whose description of 'degenerated East' inspired Western theorists to develop the idea of 'oriental despotism' ?

(A) Peter Mundy

(B) François Bernier

(C) Duarte Barbosa

(D) Marco Polo

13. Which one of the following was the main factor that led to the decline of the Vijayanagara empire ?

(A) Internal conflicts and alliance with the Sultanates against Vijayanagara.

(B) Defeat of Bijapur, Ahmadnagar and Golconda in Talikota.

(C) Heavy decline in trade and economy of the Vijayanagara empire.

(D) Invasion of Portuguese and French on Vijayanagara.

14. Choose the correct pair regarding the profile of rural people during the Mughal period :

| | *List I* *(Name)* | | *List II* *(Profile)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Mallahzadas | – | Village Headman |
| (B) | Muqaddam | – | Banker |
| (C) | Shroff | – | Boatman |
| (D) | Muzarian | – | Peasant |

15. Arrange the following in chronological order and choose the correct option :

(i) Limitation Law

(ii) Sunset Law

(iii) Santhal Rebellion

(iv) Bombay-Deccan Riots

Options :

(A) (ii), (iii), (i), (iv)

(B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (iii), (iv), (ii), (i)

(D) (iv), (iii), (i), (ii)

**16.** स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I* *(वाइसराय के नाम)* | | *स्तंभ II* *(भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| 1. | लॉर्ड वेलेज़्ली | (i) | अधिग्रहण नीतियों की शुरुआत की |
| 2. | लॉर्ड डलहौज़ी | (ii) | सहायक संधि की शुरुआत की |
| 3. | लॉर्ड बेंटिंक | (iii) | चिकने कारतूसों की शुरुआत की |
| 4. | लॉर्ड हार्डिंग | (iv) | सुधारक नीतियों की शुरुआत की |

विकल्प :

(A) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i), 4-(iv)

(B) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)

**17.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* असहयोग आंदोलन का और विस्तार करने के लिए गाँधीजी ने खिलाफ़त आंदोलन के साथ हाथ मिला लिए ।

*कारण (R) :* गाँधीजी को उम्मीद थी कि असहयोग और खिलाफ़त को सामूहिक रूप से मिलाकर औपनिवेशिक शासन का अंत किया जा सकता है ।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**18.** संविधान सभा के निम्नलिखित सदस्यों में से किसने हिंदी को संविधान निर्माण की भाषा के रूप में प्रयोग करने का जोरदार समर्थन किया ?

(A) आर.वी. धुलेकर

(B) शंकरराव देव

(C) जी. दुर्गाबाई

(D) एन.जी. रंगा

**16.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I* *(Name of the Viceroys)* | | *Column II* *(Role)* |
|---|---|---|---|
| 1. | Lord Wellesley | (i) | Introduced annexation policies |
| 2. | Lord Dalhousie | (ii) | Introduced Subsidiary Alliance |
| 3. | Lord Bentinck | (iii) | Introduced greased cartridges |
| 4. | Lord Hardinge | (iv) | Introduced reformative polices |

Options :

(A) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i), 4-(iv)

(B) 1-(iv), 2-(iii), 3-(ii), 4-(i)

(C) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

(D) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)

**17.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* To broaden the Non-Cooperation Movement, Gandhiji had joined hands with the Khilafat Movement.

*Reason (R) :* Gandhiji hoped that coupling Non-Cooperation and Khilafat could collectively bring an end to the Colonial rule.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**18.** Who among the following members of the Constituent Assembly made a strong plea for Hindi to be used as the language of constitution-making ?

(A) R.V. Dhulekar

(B) Shankarrao Deo

(C) G. Durgabai

(D) N.G. Ranga

19. इस्तमरारी बंदोबस्त की निम्नलिखित में से कौन-सी महत्त्वपूर्ण आलोचना थी ?

(A) ज़मींदारों को भूमि पर स्थायी अधिकार मिल गया ।

(B) अंग्रेज़ों ने सीधा किसानों से संपर्क किया ।

(C) इस प्रणाली ने आदिवासी समुदायों के प्रभाव को बढ़ाया ।

(D) इस प्रणाली के परिणामस्वरूप बम्बई-दक्कन में दंगे हुए ।

20. निम्नलिखित विद्रोहियों में से किसने उत्तर प्रदेश में ब्रिटिश अधिकारी के बंगले पर कब्जा कर लिया और 1857 के दौरान विवादों को निपटाने के लिए 'न्याय भवन' में बदल दिया ?

(A) शाह मल

(B) मौलवी अहमदुल्ला शाह

(C) गोनू

(D) कुँवर सिंह

21. दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत निर्वाचित विधायिकाएँ ____________ के ढाँचे में काम कर रही थीं ।

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस

(B) मुस्लिम लीग

(C) औपनिवेशिक शासन

(D) संविधान सभा

## खण्ड ख

## (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

22. (क) "*महाभारत* एक गतिशील ग्रंथ है ।" इस कथन की न्यायसंगत पुष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) *महाभारत* के समालोचनात्मक संस्करण को तैयार करने के कार्य में विद्वानों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । *3*

23. मौर्य साम्राज्य के बारे में जानने के किन्हीं तीन स्रोतों की व्याख्या कीजिए । *3*

24. विजयनगर साम्राज्य में जल संसाधनों की व्यवस्था उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *3*

19. Which one of the following was a significant criticism of the Permanent Settlement ?

(A) The Zamindars got the permanent rights on the lands.

(B) The British contacted the peasants directly.

(C) The system increased the influence of tribal communities.

(D) This system resulted in Bombay-Deccan riots.

20. Who among the following rebels took over the bungalow of a British official and turned it into a 'hall of justice' to settle disputes during 1857 in Uttar Pradesh ?

(A) Shah Mal

(B) Maulvi Ahmadullah Shah

(C) Gonoo

(D) Kunwar Singh

21. Fill in the blank with the appropriate word from the given options :

The legislature elected under the Government of India Act, 1935 operated within the framework of _________.

(A) Indian National Congress

(B) Muslim League

(C) Colonial Rule

(D) Constituent Assembly

## SECTION B

### (Short-Answer Type Questions) *6×3=18*

22. (a) "*Mahabharata* is a dynamic text." Justify the statement. *3*

**OR**

(b) Analyse the role of scholars in the task of preparing the critical edition of the *Mahabharata*. *3*

23. Explain any three sources to know about the Mauryan empire. *3*

24. Explain the water resource management of Vijayanagara empire with examples. *3*

25. "ज़मीन से मिलने वाला राजस्व मुगल साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद थी ।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

26. (क) 1857 का विद्रोह विशेष रूप से अवध में क्यों फैला ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 1857 में विद्रोहियों द्वारा जारी की गई घोषणाएँ समाज के सभी तबकों से एकता का आह्वान क्यों कर रही थीं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

27. राजमहल के पहाड़ी लोगों और संथालों के बीच संघर्ष के कारणों की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड ग

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×8=24*

28. (क) "हड़प्पा सभ्यता का सबसे अनूठा पहलू शहरी केन्द्रों का विकास था ।" स्पष्ट कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) हड़प्पा की खोज में विभिन्न पुरातत्वविदों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *8*

29. (क) भक्ति आंदोलन में कबीर के योगदान और धार्मिक व सामाजिक सद्भाव पर उनके प्रभावों का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) गुरु नानक देव जी की एकता के दर्शन पर ज़ोर देते हुए उनकी शिक्षाओं का वर्णन कीजिए । *8*

30. (क) "गाँधीजी के राजनीतिक सफर और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को सूत्रबद्ध करने के लिए हमारे पास बहुत सारे स्रोत उपलब्ध हैं ।" कथन की परख कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) भारत की स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के लिए महात्मा गाँधी के योगदान की परख कीजिए । *8*

25. "Revenue from the land was the economic mainstay of the Mughal empire." Support the statement with examples. *3*

26. (a) Why was the Revolt of 1857 specially widespread in Awadh ? Explain. *3*

**OR**

(b) Why did the rebel proclamations in 1857 appeal for unity to all sections of the population ? Explain. *3*

27. Explain the causes that led to the conflict between the Paharias of Rajmahal Hills and the Santhals. *3*

## SECTION C
### (Long-Answer Type Questions) *3×8=24*

28. (a) "The most unique feature of the Harappan civilization was the development of urban centres." Explain. *8*

**OR**

(b) Explain the role of various archaeologists in the discovery of Harappa. *8*

29. (a) Describe the contribution of Kabir to the Bhakti Movement and his impact on religious and social harmony. *8*

**OR**

(b) Describe the teachings of Guru Nanak Dev ji emphasizing his philosophy of oneness. *8*

30. (a) "There are many different kinds of sources from which we can reconstruct the political career of Gandhiji and the history of the Indian nationalist movement." Examine the statement. *8*

**OR**

(b) Examine the contribution of Mahatma Gandhi towards nation building after the independence of India. *8*

## खण्ड घ
## (स्रोत-आधारित प्रश्न)

*3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**व्यवहार में बौद्ध धर्म**

*सुत्त पिटक* से लिए गए इस उद्धरण में बुद्ध सिगल नाम के एक अमीर गृहपति को सलाह दे रहे हैं :

मालिक को अपने नौकरों और कर्मचारियों की पाँच तरह से देखभाल करनी चाहिए... उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें काम देकर, उन्हें भोजन और मज़दूरी देकर, बीमार पड़ने पर उनकी परिचर्या करके, उनके साथ सुस्वादु भोजन बाँटकर और समय-समय पर उन्हें छुट्टी देकर...

कुल के लोगों को पाँच तरह से *श्रमणों* (जिन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया है) और ब्राह्मणों की देखभाल करनी चाहिए... कर्म, वचन और मन से अनुराग द्वारा, उनके स्वागत में हमेशा घर खुले रखकर और उनकी दिन-प्रतिदिन की ज़रूरतों की पूर्ति करके ।

सिगल को माता-पिता, शिक्षक और पत्नी के साथ व्यवहार के लिए भी ऐसे ही उपदेश दिए गए हैं ।

(31.1) बुद्ध ने सामाजिक पदानुक्रम में करुणा के महत्त्व को कैसे उजागर किया ? *1*

(31.2) बुद्ध ने सदाचार पर बल क्यों दिया ? *1*

(31.3) बुद्ध के अनुसार कर्म के किन्हीं दो सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए । *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**एक विचित्र देश ?**

1440 के दशक में लिखा गया अब्दुर रज़्ज़ाक़ का यात्रा वृत्तांत संवेगों और अवबोधनों का एक रोचक मिश्रण है । एक ओर केरल में कालीकट (आधुनिक कोज़ीकोड), बंदरगाह पर उसने जो देखा उसे प्रशंसनीय नहीं माना, “यहाँ ऐसे लोग बसे हुए थे जिनकी कल्पना मैंने कभी भी नहीं की थी ।” इन लोगों को उसने एक “विचित्र देश” बताया ।

कालांतर में अपनी भारत यात्रा के दौरान वह मंगलौर आया, और पश्चिमी घाट को पार किया । यहाँ उसने एक मंदिर देखा जिसने उसे प्रशंसा से भर दिया –

मंगलौर से नौ मील के भीतर ही, मैंने एक ऐसा पूजा-स्थल देखा जो पूरे विश्व में अतुलनीय है । यह वर्गाकार था जिसकी प्रत्येक भुजा लगभग दस गज़, ऊँचाई पाँच गज़ थी और जो चार द्वार-मंडपों के साथ, पूरी तरह से ढले हुए काँसे से ढँका हुआ था । प्रवेशद्वार के द्वार-मंडप में सोने की बनी एक मूर्ति थी जो मानव आकृति जैसी तथा आदमकद थी । इसकी दोनों आँखों में काले रंग के माणिक इतनी चतुराई से लगाए गए थे कि प्रतीत होता था मानो वह देख सकती हों । इस शिल्प और कारीगरी के क्या कहने !

(32.1) अब्दुर रज़्ज़ाक़ ने भारत को ‘विचित्र देश’ क्यों कहा ? *1*

(32.2) इस स्रोत में भावनाएँ और धारणाएँ कैसे प्रतिबिम्बित होती हैं ? *1*

(32.3) अब्दुर रज़्ज़ाक़ ने मंगलौर के पश्चिमी घाट के मंदिरों का वर्णन किस प्रकार किया है ? *2*

## SECTION D

## (Source-Based Questions) *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

### Buddhism in pratice

This is an excerpt from the *Sutta Pitaka*, and contains the advice given by the Buddha to a wealthy householder named Sigala :

In five ways should a master look after his servants and employees … by assigning them work according to their strength, by supplying them with food and wages, by tending them in sickness; by sharing delicacies with them and by granting leave at times…

In five ways should the clansmen look after the needs of *samanas* (those who have renounced the world) and Brahmanas : by affection in act and speech and mind, by keeping open house to them and supplying their worldly needs.

There are similar instructions to Sigala about how to behave with his parents, teacher and wife.

(31.1) How did Buddha highlight the significance of compassion in social hierarchy ? *1*

(31.2) Why did Buddha emphasise righteous action ? *1*

(31.3) Explain any two tenets of Karma according to Buddha. *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

### A strange nation ?

The travelogue of Abdur Razzaq written in the 1440s is an interesting mixture of emotions and perceptions. On the one hand, he did not appreciate what he saw in the port of Calicut (present-day Kozhikode) in Kerala, which was populated by "a people the likes of whom I had never imagined", describing them as "a strange nation".

Later in his visit to India, he arrived in Mangalore, and crossed the Western Chats. Here he saw a temple that filled him with admiration :

Within three leagues (about nine miles) of Mangalore, I saw an idol-house the likes of which is not to be found in all the world. It was a square, approximately ten yards a side, five yards in height, all covered with cast bronze, with four porticos. In the entrance portico was a statue in the likeness of a human being, full stature, made of gold. It had two red rubies for eyes, so cunningly made that you would say it could see. What craft and artisanship!

(32.1) Why did Abdur Razzaq call India a 'strange nation' ? *1*

(32.2) How do emotions and perceptions reflect in this source ? *1*

(32.3) How did Abdur Razzaq describe the temples of the Western Ghats in Mangalore ? *2*

33. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**"खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं"**

गोविंद वल्लभ पंत ने निष्ठावान नागरिक बनने पर ज़ोर दिया ।

लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा । लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज़्यादा फिक्र करनी चाहिए । सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए । यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की ज़रा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है ।

(33.1) पंत ने लोकतंत्र की सफलता की कुंजी का वर्णन किस प्रकार किया है ? *1*

(33.2) पंत ने लोकतंत्र में आत्म-अनुशासन की कला को कैसे परिभाषित किया है ? *1*

(33.3) लोकतंत्र और समानता के बीच संबंध पर पंत के विचारों की व्याख्या कीजिए । *2*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) **5**

34. (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) बनावली, एक हड़प्पा पुरास्थल

(ii) अमरावती स्तूप

(iii) (क) आगरा (मुगलों के अधीन क्षेत्र)

**अथवा**

(iii) (ख) अजमेर (मुगलों के अधीन क्षेत्र)

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को A और B से अंकित किया गया है । इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) भारत के किन्हीं दो बौद्ध स्थलों का उल्लेख कीजिए । *2*

(34.2) (क) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का उल्लेख कीजिए । *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए । *1*

(34.3) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों का उल्लेख कीजिए । *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**"There cannot be any divided loyalty"**

Govind Ballabh Pant emphasised to become loyal citizens.

For the success of democracy one must train himself in the art of self-discipline. In democracies one should care less for himself and more for others. All loyalties must exclusively be centred round the State. If in a democracy, you create rival loyalties, or you create a system in which any individual or group, instead of suppressing his extravagance, cares nought for larger or other interests, then democracy is doomed.

(33.1) How has Pant described the key to the success of democracy ? *1*

(33.2) How has Pant defined the art of self-discipline in democracy ? *1*

(33.3) Explain Pant's views on the relationship between democracy and equality. *2*

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Banawali, a Harappan site

(ii) Amravati stupa

(iii) (a) Agra (Territory under the Mughals)

**OR**

(iii) (b) Ajmer (Territory under the Mughals)

(34.2) On the same outline map, two centres related to the Indian National Movement are marked as A and B. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*


(34.1) Mention any two Buddhist sites in India. *2*

(34.2) (a) Mention the capital city of Vijayanagara empire. *1*

**OR**

(34.2) (b) Mention any one territory under the Mughal empire. *1*

(34.3) Mention any two centres of the Indian National Movement. *2*


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)
[redacted]
A
B